# HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर — दिनांक 01.11.2022

## यातायात जनजागरूकता माह नवंबर वर्ष-2022

आज दिनांक 01.11.2022 को यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर के प्रथम दिवस पर पुलिस लाइन हमीरपुर के परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की उपस्थिति में मुख्य अतिथि श्रीमान जिलाधिकारी महोदय द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया, कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से लगभग 1000 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी गई व सभी को शपथ दिलायी गयी कि कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे, यह भी बताया गया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों/ सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे गए व सही जवाब देने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

इसी क्रम में मुख्य अतिथि श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली द्वारा कस्बा हमीरपुर में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन/ट्रैफिक, आर0टी0ओ0 हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर, यातायात प्रभारी हमीरपुर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




आपकी सुरक्षा
जन जागरूकता माह नवम्बर 2022
शुभारम्भ दिवस
2022
शुभम पटेल
पुलिस अधीक्षक
हमीरपुर
हमीरपुर


शुभम पटेल
पुलिस अधीक्षक
हमीरपुर
हमीरपुर


शुभारम्भ दिवस
डॉ. चन्द्र भूषण
दिनांक
01 नवम्बर 2022
शुभम पटेल
यातायात पुलिस जनपद हमीरपुर


दिनांक
01 नवम्बर 2022
शुभम पटेल




नवम्बर 2022
अनूप कुमार
शुभम् पटेल
जनपद हमीरपुर
वाहन चलाते समय मोबाइल से बात न करें
हमारा दायित्व
नवम्बर 2022



